डूंगरपुर नगर की स्वच्छता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा : के.के. गुप्ता

- हमारे विजन से डूंगरपुर की दिशा और दशा तय होती है : केके गुप्ता
- डूंगरपुर नगर के प्रबुद्ध नागरिकों का दीपावली स्नेह मिलन

राजस्थान सरकार के प्रदेश समन्वयक केके गुप्ता के निज आवास पर बैठक को आयोजित किया गया।

डूंगरपुर। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में देश और विदेश में ख्याति प्राप्त कर चुके प्रदेश के सबसे स्वच्छ और सुंदर नगर डूंगरपुर के प्रबुद्ध नागरिकों का दीपावली स्नेह मिलन समारोह स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार के प्रदेश समन्वयक केके गुप्ता के निज आवास पर सोमवार को आयोजित किया गया। समारोह में यह भी निर्णय लिया गया कि डूंगरपुर नगर में रहने वाले सभी 58 समाज के कम से कम पांच प्रतिनिधियों को डूंगरपुर नगर के विकास और उत्थान कार्यों हेतु चयनित करके उन्हें नगर विकास की कार्य योजना में भागीदार बनाया जाएगा।

समारोह को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि डूंगरपुर नगर का नाम आज भी देश और विदेशों में स्वच्छता के नाम से जाना पहचाना जाता है और नगर की इस साख को बनाए रखने के लिए तथा नगर की स्वच्छता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सहित देश के अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और विदेशो के प्रधानमंत्री और सामाजिक संस्थाएं भी डूंगरपुर के स्वच्छता कार्यों की प्रशंसा कर चुके हैं अब ऐसे में नगर के प्रत्येक निवासी का भी यह दायित्व बनता है कि अपने गली मोहल्ले और वार्ड की स्वच्छता के प्रति जागरूक रहे।

गुप्ता ने कहा कि आने वाला समय अभी स्वच्छता का ही होगा और जो स्वच्छता को बनाए रखने के लिए कार्य करेगा वही जनता का प्रतिनिधि बनने का अवसर पाएगा। स्वच्छता सिर्फ सफाई अभियान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी बदौलत हमारी आयु भी लंबी होती है क्योंकि जहां स्वच्छता होती है वहां गंदगी नहीं रहती। आज हम देख रहे हैं कि लोग मलेरिया और डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियों की जकड में है इसका कारण गंदगी है और इसका निवारण सिर्फ और सिर्फ स्वच्छता ही है। गुप्ता ने कहा कि हमारे विजन के साथ और उस पर चलते हुए कार्य करके डूंगरपुर नगर की दशा और दिशा तय की जाएगी। डूंगरपुर शहर की राजनीति व्यापारी वर्ग के बिना अधूरी है क्योंकि व्यापारी की मानसिकता के बदौलत ही नगर और राज्य सहित देश की सरकारें बनती है। डूंगरपुर के लोगों में मेरी अटूट आस्था है और इसे बनाए रखने के लिए राजनीति की जाती है तो उसे भी सेवा के विजन के साथ में शत प्रतिशत जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य किए जाएंगे। बैठक में प्रभु लाल पटेल, सुबोध जैन, दिनेश चंद्र श्रीमाल विजय जैन, रमेश वरियानी, नीलम श्रीमाल, सुरेंद्र शर्मा, पृथ्वीराज जैन, हर्षवर्धन जैन, दिगपाल गांधी, देवेंद्र जैन, पंकज नवकार, निलेश पंचाल, अमित टेलर, अशोक सिंह, महिपाल जोहियाला, प्रवीण श्रीमाल, नीरव कोटडिया, मदन अठावाल, चिराग व्यास, गोपाल मराठा, भूपेंद्र भट्ट सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। संचालन राजेश डेंडू ने किया और आभार चिराग व्यास ने व्यक्त किया।

चिकित्सा अधिकारी के साथ स्टाफ मिला नदारद

डूंगरपुर। सीएमएचओ द्वारा चिकित्सा संस्थानों का किया औचक निरीक्षण। इस दौरान पीएचसी सरथुना व पीठ में चिकित्सा अधिकारी के साथ अन्य स्टाफ मिला अनुपस्थित,अनुपस्थित पर नियमानुसार कार्यवाही होगी। `मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलंकार गुप्ता ने बताया कि समस्त चिकित्सा संस्थानों पर चिकित्सा अधिकारी व कार्मिको को समय पर आने व आमजन को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए है। जिसके मध्य नंजर सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरथुना व पीठ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सरथुना पीएचसी में चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक व फार्मेसीट भूपेंद्रसिंह राव 2 नवम्बर से व नर्सिंग ऑफिस मिथुनसिंह 3 नवम्बर से वही पीठ पीएचसी से डॉ जयसिंह चौधरी 29 अक्टूबर से बिना अनुमति से अनुपस्थित रह रहे हैं। अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए। डॉ गुप्ता ने बताया कि दोनों पीएचसी पर मिले स्टाफ से विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। परिसर को स्वस्थ सुंदर बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विभाग का एक ही लक्ष्य है कि आमजन को - सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा मिल सके। इसके लिए आगे भी जिले भर मे औचक निरीक्षण किए जाएगे।

यूरिया व बीजों के सही वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश

जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया की अध्यक्षता में सोमवार को मिनी सचिवालय सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

प्रतापगढ़ । जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया की अध्यक्षता में सोमवार को मिनी सचिवालय सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों से चल रहे विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने डेंगू, मलेरिया व मौसमी बीमारियों के संक्रमण की रोकथाम को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि ठामीण इलाकों में संक्रमण को रोकने के प्रति चल रही विभिन्न गतिविधियों और बढ़ाई जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को यह सुनिश्चित करने को कहा कि ईलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व जिला चिकित्सालय में हर पल पर्याप्त मात्रा में दंवाईयां उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से दिन में कई घंटे विद्युत सप्लाई बाधित हाने पर नाराजगी जताई, साथ ही यह निर्देश दिए कि आने वाले फसलों की बुवाई के मौसम में कृषि कार्यो में उपयोग किये जाने वाली विद्युत सप्लाई में कोई व्यवधान ना हो व निर्बाध रूप से सप्लाई सुनिश्चित की जाए । उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सड़क के पेचवर्क के कार्य जिनमें डीएलपी और नॉन डीएलपी शामिल है, उनको पूर्ण करने के निर्देश दिए । जिला कलक्टर ने कृषि विभाग, सहकारिता विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे खाद्य व बीजों की आवक व वितरण पर कड़ी निगरानी रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि हर किसान को पर्याप्त मुल्य पर व सही मात्रा में युरिया प्राप्त हो।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यो के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **Tender No.: EL/C/JP/NDT-NDT/Town/T06-R/2024. कार्य का नाम:** नाथद्वारा - नाथद्वारा टाउन सेक्शन के बीच नई बीजी लाइन कार्य के संबंध में अंडर ग्राउंड केबल द्वारा एलटी/एचटी पावर लाइन ओएच ट्रैक क्रॉसिंग का संशोधन और स्टेशन भवन, आवासीय क्वार्टर और अन्य सेवा भवनों का विद्युतीकरण कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 27,208,010/-. **बयाना राशि जो जमा करनी है:** ₹ 2,86,100/-. **कार्य पूर्ण होने की तिथि:** 24 Months. **निविदा प्रपत्र जमा कराने की तारीख व समय :** 29.11.2024 Upto 15.00 hrs. **निविदा प्रपत्र खुलने की तारीख व समय :** 29.11.2024 Upto 15.30 hrs. उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता : www.ireps.gov.in

1268-AR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

अराहत क्लिनिक पर मिली एक्सपायरी दवा

डूंगरपुर। सीएंमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग की गठित टीम में बीसीएमओ डॉ नरेंद्र प्रजापत,चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहित लबाना,फार्मासिस्ट युवराजसिंह, नर्सिंग ऑफिसर मदनलाल ने सीमलवाडा में संचालित राहत क्लिनिक पर कार्यवाई करते हुए क्लिनिक को सीज किया क्लिनिक पर मिली कई एक्सपायरी दवा। सीएमएचओ डॉ.अलंकार गुप्ता ने बताया कि सीमलवाडा में राहत के नाम क्लिनिक संचालित किया जा रहा था, क्लिनिक का संचालन करता यूनानी पैथी में डिग्रीधारक था,परंतु वह क्लीनिक पर एलोपैथी में आमजन का इलाज कर रहा था जो कि नियम के विरुद्ध है साथ ही क्लीनिक मे एलोपैथी दवा के साथ कई एक्सपायरी दवा मिली, क्लिनिक को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं किया गया था। इन सभी अनियमितता के चलते राहत क्लिनिक को सीज किया गया। नियमानुसार कार्यवाई को जाएगी। डॉ गुप्ता ने यह भी बताया कि भविष्य में भी चिकित्सा विभाग ऐसी कार्रवाई करेगा जिसमें अगर कोई क्लिनिक जिस पैथी में डिग्रीधारी है, वह उसी पैथी में आमजन को इलाज कर राहत प्रदान करे अन्य किसी पैथी में अगर इलाज करता पाया,तो ऐसे सभी क्लीनिक पर विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

विहार से श्रावकों की छलकी आंखे

डूंगरपुर। गैंजी आचार्य श्री सुनील सागर जी के सुशिष्य मुनि श्री सुधींद्र सागर क्षुल्लक अकम्प सागर महाराज का चातुर्मास पूर्ण होने पर मुनि श्री ने संघ सही प्रात:अभिषेक शांतिधारा पश्चात 7.35 पर संघसहित विहार किया। समाज सेवी सामाजिक स्तंभ अनिल जैन विनोद जैन ने बताया विहार करते समय श्रावकों की भीड उमडी, विहार के समय श्रद्धालु बच्चे बूढे जवान सभी की आँखें छलक गई। जहां चिमनलाल कलाल एवं जैनेतर श्रद्धालु उपस्थित भी उपस्थित थे। सभी नौजवान बच्चे महिला पुरुष ने पद यात्रा से मुनिश्री को पाडली गजेबाजे ढोल नगाडे के साथ पहुंचाया जहां पाडली के श्रावकों ने मुनि श्री की अगवानी की आज प्रात: नो बजे मुनि श्री आंतरी पहुंचेंगे जहां आचार्य श्री निर्भय सागर से भव्य मिलन होगा।

42 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ चुनाव प्रचार करने की शिकायत

- 2 निर्दलीय उम्मीदवारों ने की शिकायत
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए जांच के आदेश

डूंगरपुर। चौरासी विधानसभा उप चुनावों में 42 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ चुनाव प्रचार करने की शिकायत। चौरासी विधानसभा उप चुनावों में 2 निर्दलीय कैंडिडेट ने 42 सरकारी कर्मचारियों पर एक विशेष राजनैतिक दल के प्रत्याशी का चुनाव प्रचार करने की शिकायत की है। शिकायत और रिटर्निंग अधिकारी ने जांच के आदेश दिए है।

इसमें शिक्षक, पुलिस कर्मी, ग्राम विकास अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी और अन्य कार्मिक शामिल है। चौरासी विधानसभा चुनावों को लेकर डूंगरपुर जिले में आचार संहिता लागू है। ऐसे में किसी की सरकारी कर्मचारी के राजनीतिक पार्टियों का प्रचार प्रसार या किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होने के सख्त निर्देश है। वहीं, चौरासी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के प्रचार के दौरान 42 सरकारी कर्मचारियों पर एक पार्टी विशेष के कैंडिडेट का प्रचार करने की शिकायत की गई है।

निर्दलीय उम्मीदवार प्रवेश भगोरा ने 28 सरकारी कर्मचारियों पर विशेष पार्टी के प्रत्याशी के लिए प्रचार करने की शिकायत की है। वहीं, निर्दलीय उम्मीदवार जीवराम आमलिया ने 14 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत की है। केंडिडेट ने इन कर्मचारियों की सूची भी जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपी है। इसमें सबसे ज्यादा पंचायती राज से जुडे कर्मचारी, पटवारी, गिरदावर, शिक्षक, एएनएम, पुलिसकर्मी, ग्राम विकास अधिकारी सहित कई विभागों के कर्मचारी है। इस जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीमलवाडा रिटर्निंग अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को जांच के आदेश दिए है।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Ph. 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2024/12325 दिनांक : 25.10.2024

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्रीमती अन्नपुर्णा देवी पत्नी श्री सुनील कुमार, ईमली बाजार, छावनी गेट नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या 116, श्रीजी विहार कॉलोनी, नाथद्वारा भु.क्षै. 1250 वर्गफीट	भूखण्ड संख्या-137	30 फिट चौड़ा रोड़	भूखण्ड संख्या-115	भूखण्ड संख्या-117

आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा

दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम सम्पन्न

डूंगरपुर। महावीर इंटरनेशनल की स्थानीय शाखा द्वारा दीपावली एवं नव वर्ष के शुभ अवसर पर रविवार को संस्था के सभी सदस्यों उनके परिवार जनों एवं शुभ चिंतकों की उपस्थिति में संस्था के रोग निदान केंद्र परिसर में एक स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

केंद्र के अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि समारोह का आयोजन डूंगरपुर के पूर्व जिला कलेक्टर राजेंद्र भाणावत के मुख्य आतिथ्य एवं डूंगरपुर नगर परिषद के पूर्व सभापति एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष,एनएसएससी सदस्य के के गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान महावीर स्वामी को अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर महावीर इंटरनेशनल की प्रार्थना के साथ हुआ। संस्था के अध्यक्ष विजय जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दोनों अतिथियों द्वारा समय समय पर महावीर इंटरनेशनल की विकास यात्रा में उनकी भूमिका एवं योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने केंद्र की वर्तमान गतिविधियों से भी सदन को अवगत कराया। महावीर इंटरनेशनल की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य विनोद दोशी ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए अतिथियों का स्वागत किया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री के के गुप्ता ने महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों की सराहना करते हुए इसे और आगे बढाने का आव्हान किया। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। मुख्य अतिथि राजेंद्र भाणावत ने अपने कार्यकाल के समय घटित कुछ घटनाओं को उद्धरित करते हुए इसमें महावीर इंटरनेशनल के सकारात्मक सहयोग का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यही सकारात्मकता एवं निष्काम कर्म की भावना मानव संबंधों को प्रगाढ बनाती हैं जिसका आज का ये कार्यक्रम एक जीवंत उदाहरण हो सकता हैं कि इस शहर में पदस्थापन के लगभग तीन दशक बाद भी आज के महावीर इंटरनेशनल के इस कार्यक्रम में वे यहां उपस्थित है। उन्होंने पूर्व सभापति के के गुप्ता के कार्यकाल में डूंगरपुर में हुए स्वच्छता अभियान, नगर सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्यों एवम नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके प्रयासों ने डूंगरपुर को केवल प्रदेश में ही नहीं अपितु देश एवं विदेश में भी पहचान दिलवाई है। एक व्यक्ति यदि चाह ले तो क्या नहीं कर सकता है। भाणावत ने अपनी कविताओं के माध्यम से सभी को आंदोलित करते हुए कहा कि आप सभी को इस धारणा से बाहर आना चाहिए कि यहां तो सब ऐसे ही चलता है। सही और गलत को पहचानों, गलत का विरोध करो, हर क्षेत्र में अपना सकारात्मक सहयोग हेतु तत्पर रहो, कोई वजह नहीं आप प्रगति एवं विकास पथ पर आगे न बढे। दोनों अतिथियों ने वीरा प्रियदर्शिना की अध्यक्ष कल्पना दोशी, सचिव पुष्पक जैन एवं कोषाध्यक्ष निधि गांधी को उनके द्वारा दुबई अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन में सफलता पूर्वक भाग लेने पर उपर्णा ओढाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात संस्था के नवीन सदस्यों को अपेक्स द्वारा प्रदत्त संस्था की पिन प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के पूर्व सचिव नीरव जैन ने अतिथियों एवं उपस्थित शुभ चिंतकों का आभार व्यक्त किया। आज के कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष रविंद्र जैन, सह सचिव अविचल जैन, हर्षवर्धन जैन, जयदीप द्विवेदी, नीरव जैन, पद्मेश गांधी, पंकज जैन, राजेश डेंडू, संजय गांधी, सुदर्शन वोरा, विनोद दोशी, राजेश गोठी, रौनक सेठ, रोहित दोशी, मयंक सरैया, हितेश दावडा, प्रतीक जैन, पुष्कर जैन, अभिषेक कोटडिया, अभिषेक दोशी, पद्म वोरा, केसू भाई नागदा, नितिन गांधी, धर्मेश गांधी एवं अन्य लोगों ने सपरिवार कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन राजेश डेंडू ने किया।

माँजी मंदिर पर भव्य अन्नकूट महोत्सव सम्पन्न

उदयपुर । श्री सरदार स्वरूप श्यामजी माझी मंदिर एवं श्री श्री 1008 भूपाल विजय हनुमान मंदिर माँजी घाट पर भव्य अन्नकूट महोत्सव धूमधाम, हर्षोल्लास से मनाया गया । चारभुजा नाथ एवं बालाजी महाराज का विशेष श्रृंगार धराया गया ।

मंदिर परिसर को फूल मालाओं, विधुत रोशनी, गुबारों से सजाया गया। चारभुजा नाथ एवं बालाजी महाराज को 56 भोग धराये गए अन्नकूट में विभिन्न प्रकार की मिठाई, ड्राईफूड, रोठ, नेवज, भोजन, फलों, विभिन्न प्रकार की नमकीन इत्यादि सामठी धारण कराई गयी। सर्वप्रथम सायंकाल 7:00 बजे चारभुजा नाथ की आरती की गई 7:30 पर सामुहिक हनुमान चालीसा, श्रीराम स्तुति, आरती की गई। पुजारी जी द्वारा बालाजी महाराज की भव्य महाआरती की गयी। एक श्याम माझी मंदिर के नाम गायक कलाकार विक्रम निकुंभ, ब्रह्मभट्ट, प्रमोद ओड़ द्वारा संगीतमय भजनों के गायन से भक्तों में भक्ति की लहर छा गयी। महिलाओं द्वारा देर रात तक भजन कीर्तन नृत्य किए गए। भजन संध्या का लाइव प्रसारण यूट्ययूब चैनल पर किया गया, जिसमे सैकड़ो की संख्या में भक्तोजनो ने लाइव दर्शन किए एवं भजन संध्या का लाभ प्राप्त किया। अंकूट महोत्सव में भोजन महाप्रसादी की गई, सेकड़ो भक्तोजनो द्वारा महाप्रसाद ठाहण किया गया। क्षेत्रवासियों, उदयपुर शहरवासियो के साथ साथ बाहर से आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों ने भी चारभुजा नाथ एवं बालाजी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लिया । इस वर्ष दीपावली पर्व के निमित्त देवस्थान विभाग द्वारा माँजी मंदिर पर सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)

(कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार)

ए-23, सेक्टर-62, (संस्थागत क्षेत्र), नोएडा-201309 (उ०प्र०)

स्वरोजगार हेतु उद्यमिता विकास कार्यक्रम

अपना व्यवसाय शुरू करने का सुनहरा अवसर

योग्यता : 18 से 50 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार / ड्रॉप आउट युवक युवतियों हेतु सुअवसर

15 दिवसीय कार्यक्रम

सीमित सीटें :- 30

निःशुल्क

प्रतिभागियों का चयन :- 6 नवम्बर 2024

प्रशिक्षण प्रारंभ दिनांक :- 7 नवम्बर 2024 से 23 नवम्बर 2024

प्रशिक्षण स्थल : NJ फाउंडेशन

जल चक्की चौराहे के पास, IDBI बैंक बिल्डिंग, राजसमंद

संपर्क : 77421-86617, 92140-64190

प्रवर्तक: कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार

आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प))

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- कोर्स निदेशक सुमित कुमार मो. 8700622362

ashl_sumit1986@yahoo.com www.niesbud.nic.in

बांसवाड़ा में मंछाव्रत चौथ का व्रत आज

मनोकामनापूर्ति के लिए वागड़ अंचल की सदियों पुरानी मन्छाव्रत चतुर्थी व्रत की परम्परा और इससे जुड़ी रोचक कथाएं भक्त आज भी सुनते है।

बाँसवाड़ा । मनोकामनापूर्ति के लिए वागड़ अंचल की सदियों पुरानी मन्छाव्रत चतुर्थी व्रत की परम्परा और इससे जुड़ी रोचक कथाएं-अन्तर्कथाएं और शिवभक्तों का समर्पित श्रृद्धाभाव सुनने-देखने लायक है। इस बार मंछाव्रत चौथ का व्रत5नवम्बर2024,मंगलवार को मनाया जाएगा। बांसवाड़ा संभाग मुख्यालय पर एक ही परिसर में तीन-तीन स्वयंभू शिवलिंगों के धाम वनेश्वर महादेव मन्दिर पर व्रती नर-नारियों का मेला भरेगा और सम्पूर्ण परिसर में विशिष्ट भोग बनाकर प्रसाद पाया जाएगा। `हर वर्ष श्रावण माह से आरंभ होकर कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को पूर्ण होने वाला चार माही व्रत इतना अधिक प्रसिद्ध और लोकमान्य है कि इसे हर प्रकार की मनोकामना पूरी होने का वरदान देने वाला व्रत माना जाता है।

यही कारण है कि वागड़ अंचल में पालों-फलों और पर्वतीय अंचलों से लेकर गांव-कस्बों और शहरों तक के भक्तजन इसे श्रृद्धापूर्वक करते हैं। हजारों परिवारों में पीढ़ियों से इस मंछाव्रत चौथ का परिपालन हो रहा है। शिवभक्ति प्रधान इस लोक व्रत में दशकों से जुड़े कई शिवभक्तों में बांसवाड़ा निवासी88वर्षीय शिक्षाविद् श्री शांतिलाल भावसार का नाम अठागण्य है,जिन्हें धर्म-अध्यात्म और सकारात्मक सामाजिक-आंचलिक गतिविधियों से संबंधित आयोजनों में अठिाम पंक्ति में गिना जाता है। परम शिवभक्त श्री शान्तिलाल भावसार (गुरुजी) शिवभक्ति में बचपन से रमे हुए हैं। विगत62वर्ष से वे स्वयं मंछाव्रत चतुर्थी का व्रत करते आ रहे हैं। स्वयं व्रत करने के साथ ही वे इतने ही वर्षों से मंछाव्रत चौथ की कथा व्रतियों को श्रवण कराते रहे हैं। इसके अन्तर्गत व्रत की शुरूआत के दिन श्रावण शुक्ल चतुर्थी से लेकर कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तक हर सोमवार को श्री शांतिलाल भावसार व्रतियों का कथा सुनाते आ रहे हैं। बड़ी संख्या में व्रतियों की वजह से कई बार पांच-छह चरणों में कथा का श्रवण कराना पड़ता है। इसके अन्तर्गत प्रात:काल6से मध्याह्न पूर्व तक3से4हजार व्रती एवं अन्य श्रृद्धालु कथा का श्रवण करते हैं। हालांकि उनके अलावा कई अन्य कथावाचक भी हैं जो इन दिनों में कथा सुनाते हैं। मंछाव्रत चौथ व इससे पूर्व के सोमवारों को होने वाली कथाओं के दौरान् श्रृद्धालुओं द्वारा दिए जाने वाले सहयोग से मन्दिर परिसर में आवश्यक सुविधाओं और सेवाओं की व्यवस्था के साथ ही मंछाव्रत चौथ पर मन्दिर एवं परिसरों की रंगाई-पुताई करवायी जाती है।

शिव को समर्पित है यह व्रत : जनमानस में सदियों से गहरा लोक विश्वास रहा है कि मंछाव्रत का पालन करने से जीवन की हर प्रकार की समस्या और अभाव दूर हो जाते हैं और सुखपूर्वक जीवन व्यतीत होता है।

चार माह तक व्रत रखने वाले व्रती शिव मन्दिर परिसर में भगवान शिव को साक्षी मानकर चार गांठों वाले धागे की गांठों को खोलकर सीधा करते हैं तथा इस धागे के साथ एक रुपया व सुपारी रखते हैं और मंछाव्रत चौथ की कथा का श्रवण करने के बाद इस सामठी को शिव मन्दिर में चढ़ा देते हैं और भगवान के समक्ष अपनी मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना निवेदित करते हैं।

अनूठा है शिव भोग और इसका वितरण अनुपात : व्रती नर-नारी अपने घर पर या मन्दिर परिसरों में चूल्हे व कण्डे स्थापित कर लड्डू आदि बनाते हैं और शिव को भोग लगाने के बाद परिवारजनों के साथ प्रसाद पाते हैं।

इस भोग में शामिल की जाने वाली सामठी और भोग को पाने वालों का भी स्पष्ट नियम होता है। इसके अन्तर्गत लड्डू बनाने के लिए4किलो आटा,सवा किलो शुद्ध घी और1किलो गुड़ का प्रयोग किया जाता है। इस सम्पूर्ण भोग सामठी का वितरण भी प्रकृति के जीवों और जगत के कल्याण का संदेश देता है।

कुल सामठी में से एक भाग भगवान महादेव के लिए,एक भाग चींटयों और कीड़े-मकौड़ों के लिए,एक भाग छोटे-छोटे बच्चों के लिए,एक भाग गोचारण कराने वाले ग्वाल के लिए होता है। और शेष भाग व्रती नर-नारियों तथा उनके परिजनों के लिए प्रसाद के रूप में निर्धारित रहता है।

चातुर्मास की ही तरह चार माह तक त्याग-तपस्या का जीवन व्यतीत करते हुए किया जाने वाला मंछाव्रत न केवल शिवभक्ति के अगाध आस्था सागर का दिग्दर्शन कराता है बल्कि प्रकृति से लेकर जीवों और जगत के कल्याण का भी संदेश देता रहा है। सदियों पुरानी यह परम्परा वागड़ अंचल में व्यष्टि से लेकर समष्टि के मंगल की पुरातन परिपाटियों से साक्षात् करा रही है।(इस बारे में अधिक जानकारी के लिए श्री शांतिलाल भावसार से उनके मोबाइल नम्बर - 9414102023से सम्पर्क किया जा सकता है।)

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान

मानित विश्वविद्यालय

INDIAN INSTITUTE OF FOREIGN TRADE

(Deemed to be University)

AACSB ACCREDITED

पूर्णकालिक एमबीए 2025-27 कार्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (IIFT), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा 1963 में स्थापित किया गया था। भारत सरकार का यह संस्थान देश के शीर्ष बिजनेस स्कूलों में से एक है, जो भारत के बाहरी व्यापार क्षेत्र के लिए कौशल निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। यह संस्थान प्रतिष्ठित AACSB मान्यता और 'A+' NAAC रैंकिंग वाला एक डीम्ड विश्वविद्यालय है।

आईआईएफटी निम्नलिखित 2 वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित कर रहा है :-

1. दिल्ली और कोलकाता परिसर में एमबीए (अंतर्राष्ट्रीय व्यापार) 2025-27 कार्यक्रम।
2. दिल्ली कैंपस में एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) 2025-27 कार्यक्रम।

महत्वूपर्ण सूचना :

प्रवेश के माध्यम	:	चयन मानदंड के अनुसार CAT-2024 स्कोर और अन्य परिभाषित पैरामीटर। एमबीए (आईबी) 2025-27 कार्यक्रम में विदेशी नागरिकों और एनआरआई का प्रवेश जीमैट स्कोर और साक्षात्कार के आधार पर माना जाता है।
आरक्षण	:	एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/ओबीसी (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/कश्मीरी प्रवासियों के लिये आरक्षण भारत सरकार के नियमों के अनुसार है। एमबीए (आईबी) 2025-27 कार्यक्रम में केवल विदेशी नागरिकों और एनआरआई के लिए भी सीटें आरक्षित है।
ऑनलाईन आवेदन की तिथिया	:	17.10.2024 से 22.11.2024 तक 15.01.2025 से 15.03.2025 तक (एनआरआई और विदेशी नागरिकों के लिए)
आवेदन शुल्क	:	एमबीए (आईबी) के लिए : रूपये 3000/- (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/ट्रांसजेंडर के लिए रूपये 1500/-) और विदेशी नागरिक/एनआरआई के लिये यूएस 200 डॉलर या रूपये 16000/- । एमबीए (बीए) के लिये : रूपये 2000/- (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/ट्रांसजेंडर के लिए रूपये 1000/-)

IIFT उपरोक्त कार्यक्रम के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग/चयन के लिये CAT-2024 स्कोर का उपयोग करेगा। चयन प्रक्रिया कार्यक्रम के संचालन में IIM की कोई भूमिका नहीं है।

अन्य विवरण जैसे पात्रता, प्रवेश, चयन मानदंड आदि IIFT की वेबसाईट www.iift.ac.in पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्टस में उल्लेखित है। इच्छुक उम्मीदवार IIFT वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया प्रवेश प्रकोष्ठ से 011-39147213/97736-98083 पर संपर्क करें या admission@iift.edu पर लिखें।

सीवीसी/05103/12/0011/2425

गौरव गुलाटी (रजिस्ट्रार)